**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

निष्पादन वाद संख्या 430/2022 (पुराना नंबर- 15/2013)

मैसर्स कैलाश सिविल कंस्ट्रक्शन बनाम उ.प्र. राज्य और अन्य

**दिनांकः 01-10-2024**

वाद पुकारा गया। पुकार पर डिक्रीदार की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। निर्णीतऋणीगण की ओर से पैरोकार हिमांशु कुमार उपस्थित है।

निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रार्थना पत्र कागज संख्या 65 ग इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में निर्णीतऋणी की रिट संख्या 6032/2024 में बहस शुरू हो गयी है एवं कुछ कागजात न्यायालय द्वारा मांगे गये है तथा शेष बहस हेतु दिनांक 17-10-2024 की तिथि नियत की गई है। इसलिए उक्त इजराय में दिनांक 17-10-2024 के बाद की तिथि नियत की जाये तथा डिक्रीदार द्वारा प्रार्थना पत्र कागज संख्या 64 ग इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि निर्णीतऋणी संख्या 4 के विरूद्ध आदेश 21 नियम 38 सी.पी.सी. के अन्तर्गत गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया जाये।

निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कागज संख्या 65 ग पर डिक्रीदार द्वारा आपत्ति होने का उल्लेख किया गया है तथा निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रार्थना पत्र कागज संख्या 64 ग की प्रति प्राप्त कर डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कागज संख्या 64 ग पर आपत्ति हेतु समय चाहा गया है।

निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रार्थना पत्र कागज संख्या 65 ग के साथ माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांकित 24-09-2024 की नेट से प्राप्त प्रति दाखिल की गई है जिसके अवलोकन से यह विदित होता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 24-09-2024 को मेटर्स अंडर आर्टिकल 227 नंबर 6032/2024 स्टेट आफ यू.पी. और तीन अन्य बनाम मैसर्स कैलाश कंस्ट्रक्शन में निम्नलिखित आदेश पारित किया गया हैः-

"After hearing for some time, learned standing counsel is directed to bring on record the objection, if any, filed before the Commercial Court by way of an affidavit. List on 17-10-2024."

अतः वर्तमान मामले के सम्पूर्ण तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णीतऋणीगण द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 65 ग मुबलिग 200/- हर्जे पर स्वीकार किया जाता है। पत्रावली प्रार्थना पत्र कागज संख्या 64 ग के निस्तारण हेतु दिनांक 22-10-2024 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी

वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,

मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2024.10.01 16:55:51 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court